an>

14.03 hrs.

The Lok Sabha re-assembled at Three Minutes past Fourteen of the Clock.

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377

HON. CHAIRPERSON: Matters under Rule 377 – Shri Nayab Singh Saini.

Title: Need to construct a road from Panchkula to Shaheed Bhagat Singh Airport, Chandigarh.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): महोदय, मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी का ध्यान हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को शहीद भगत सिंह हवाई अड्डा चंडीगढ़ तक पहुंचने के लिए हो रही कठिनाई से अवगत कराना चाहता हूं । हरियाणा राज्य से अधिक मात्रा में हवाई यात्री शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट से अपनी यात्रा करते हैं । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति: कृपया अपनी स्क्रिप्ट पढ़िए ।

श्री नायब सिंह सैनी: महोदय, विशेषकर पंचक◌ुला जिले से जो कि लाखों की आबादी का क्षेत्र है, वहां से अधिकतर यात्री एयरपोर्ट तक अपनी यात्रा के दौरान भारी ट्रैफिक का सामना करते हैं एवं इसके अलावा ट्रैफिक लाइट न होने के कारण यात्रियों को एयरपोर्ट तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । जिस वजह से उनका समय भी अधिक लगता है । कई बार समय से ना पहुंचने के कारण यात्रियों की हवाई यात्रा छूट जाती है । फिर मजबूरन यात्रियों को अन्य साधनों की सहायता लेकर यात्रा करनी पड़ती है । अत: मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि पंचकूला से सीधा शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट चंडीगढ़ तक के लिए एक सड़क मार्ग बनाने की कृपा करें, जिससे आवागमन कर रहे यात्रियों को सुविधा मिले और समय से पहुंचकर वे अपनी यात्रा कर सकें ।